Under CSR Support by
ipca | Foundation

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER



कक्षा - 9

हिन्दी

कृतिका (गद्य खंड)

अध्याय-1 : इस जल प्रलय में (फणीश्वरनाथ रेणु)

भाग - 4

कुशाल सोलंकी

Under CSR Support by
ipca | Foundation

विवरण (Overview)

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER



1. लेखक परिचय
2. इस जल प्रलय में

Under CSR Support by ipca | Foundation

missiongyan LET'S LEARN TOGETHER



नीचे के सामान ऊपर किए जा रहे थे। रिक्शा, टमटम, ट्रक और टेम्पो पर सामान लादे जा रहे थे। खरीद-बिक्री बंद हो चुकी थी। पानवालों की बिक्री अचानक बढ़ गई थी। आसन्न संकट से कोई प्राणी आतंकित नहीं दिख रहा था।

आसन्न – पास आया हुआ

Under CSR Support by ipca Foundation

missiongyan LET'S LEARN TOGETHER



... पानवाले के आदमकद आईने में उतने लोगों के बीच हमारी ही सूरतें 'मुहर्रमी' नजर आ रही थीं। मुझे लगा, अब हम यहाँ थोड़ी देर भी ठहरेंगे तो वहाँ खड़े लोग किसी भी क्षण ठठाकर हम पर हँस सकते थे- "जरा इन बुजदिलों का हुलिया देखो!" क्योंकि वहाँ ऐसी ही बातें चारों ओर से उछाली जा रही थीं- "एक बार डूब ही जाए... धनुष्कोटि की तरह पटना लापता न हो जाए कहीं!

धनुष्कोटि – एक स्थान का नाम

Under CSR Support by ipca | Foundation

missiongyan LET'S LEARN TOGETHER



...सब पाप धुल जाएगा... चलो, गोलघर के मुँडे पर ताश की गड्डी लेकर बैठ जाएँ... बिस्कोमान बिल्डिंग की छत पर क्यों नहीं?... भई, यही माकूल मौका है। इनकम टैक्सवालों को ऐन इसी मौके पर काले कारबारियों के घर पर छापा मारना चाहिए। आसामी बा-माल... "राजेंद्रनगर चौराहे पर 'मैगजीन कॉर्नर' की आखिरी सीढ़ियों पर पत्र-पत्रिकाएँ पूर्ववत् बिछी हुई थीं। सोचा, एक सप्ताह की खुराक एक ही साथ ले लूँ। क्या-क्या ले लूँ?...

Under CSR Support by ipca Foundation

missiongyan LET'S LEARN TOGETHER



हेडली चेज, या एक ही सप्ताह में फ्रेंच जर्मन सिखा देने वाली किताबें अथवा 'योग' सिखाने वाली कोई सचित्र किताब? मुझे इस तरह किताबों को उलटते-पलटते देखकर दुकान का नौजवान मालिक कृष्णा पता नहीं क्यों मुसकराने लगा। किताबों को छोड़ कई हिंदी-बाँग्ला और अंग्रेज़ी सिने पत्रिकाएँ लेकर लौटा। मित्र से विदा होते हुए कहा "पता नहीं, कल हम कितने पानी में रहें।... बहरहाल, जो कम पानी में रहेगा। वह ज्यादा पानी में फँसे मित्र की सुधि लेगा।"

Under CSR Support by ipca Foundation

missiongyan LET'S LEARN TOGETHER



फ़्लैट में पहुँचा ही था कि 'जनसंपर्क' की गाड़ी भी लाउडस्पीकर से घोषणा करती हुए राजेंद्रनगर पहुँच चुकी थी। हमारे 'गोलंबर' के पास कोई भी आवाज, चारों बड़े ब्लॉकों की इमारतों से टकराकर मँडराती हुई, चार बार प्रतिध्वनित होती है। सिनेमा अथवा लॉटरी की प्रचारगाड़ी यहाँ पहुँचते ही 'भाइयो' पुकारकर एक क्षण के लिए चुप हो जाती है। पुकार मँडराती हुई प्रतिध्वनित होती है-भाइयो... भाइयो... भाइयो...!

Under CSR Support by
ipca | Foundation

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

एक अलमस्त जवान रिक्शाचालक है जो अकसर रात के सन्नाटे में सवारी पहुँचाकर लौटते समय इस गोलंबर के पास अलाप उठता है- 'सुन मेरे बंधु रे-ए-न... सुन मोरे मितवा-वा-वा-य...'



Under CSR Support by
ipca | Foundation

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER



गोलंबर के पास जनसंपर्क की गाड़ी से ऐलान किया जाने लगा "भाइयो! ऐसी संभावना है... कि बाढ़ का पानी... रात्रि के करीब बारह बजे तक... लोहानीपुर, कंकड़बाग... और राजेंद्रनगर में... घुस जाए। अतः आप लोग सावधान हो जाएँ।"

(प्रतिध्वनि-सावधान हो जाएँ! सावधान हो जाएँ!!)

Under CSR Support by
ipca | Foundation

सीखने के प्रतिफल (Learning Outcome)

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER



Under CSR Support by
ipca | Foundation

मूल्यांकन (Assessment)

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER



1 बाढ़ के दौरान लोग सामान कैसे ऊपर पहुँचा रहे थे?

अ सीढ़ियों से

ब खिड़कियों से

स रिक्शा, टमटम, ट्रक और टेम्पो पर लादकर

द नाव से

Under CSR Support by
ipca | Foundation

मूल्यांकन (Assessment)

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER



2 संकट के समय पानवालों की बिक्री में क्या परिवर्तन हुआ?

अ बंद हो गई

ब कम हो गई

स सामान्य रही

द अचानक बढ़ गई

Under CSR Support by
ipca | Foundation

मूल्यांकन (Assessment)

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER



3 | लोगों के बीच किस ऐतिहासिक स्थान का नाम व्यंग्य में लिया गया?

अ लखनऊ

ब धनुष्कोटि

स प्रयागराज

द पटियाला

Under CSR Support by
ipca | Foundation

मूल्यांकन (Assessment)

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER



4 लेखक के फ्लैट में पहुँचने के तुरंत बाद किसकी गाड़ी सूचना प्रसारित कर रही थी?

अ पुलिस की

ब जनसंपर्क विभाग की

स नगर निगम की

द टीवी चैनल की

Under CSR Support by ipca Foundation

मूल्यांकन (Assessment)

missiongyan LET'S LEARN TOGETHER



5 जनसंपर्क गाड़ी की चेतावनी किस स्थान के बारे में थी?

अ गांधी मैदान

ब गोलघर

स राजेंद्रनगर, कंकड़बाग, लोहानीपुर

द विधानसभा भवन